शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# वाल्मिकी विकास निगम घोटाला मामले में पूरी कैबिनेट शामिल : आर अशोक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
विपक्ष के नेता आर.अशोक ने गुरुवार को कहा कि वाल्मिकी विकास निगम के 187 करोड़ घोटाला मामले में पूरी कैबिनेट शामिल है। मल्लेश्वरम में भाजपा के प्रदेश कार्यालय, जगन्नाथ भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने चुनावी भाषण में कहा था कि उनकी सरकार आने पर वह महिलाओं के बैंक खातों में टकाटक पैसे डालेंगे। इस पर अमल करने वाले कांग्रेस पार्टी के सभी मंत्रियों ने कहा कि उन्होंने टक-टक-टक की तरह पैसा ट्रांसफर किया। गत 4 तारीख को



25 करोड़ ट्रांसफर किया गया, 6 तारीख को 25 करोड़ ट्रांसफर किया गया, 21 तारीख को 44 करोड़ ट्रांसफर किया गया। फिर 50 करोड़ ट्रांसफर किया गया। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि इतनी रकम कांग्रेस ने अपने लूट के खाते में डाली है। उन्होंने इसे सार्वभौमिक भ्रष्टाचार बताते हुए इसकी आलोचना की। 187 करोड़ एक मंत्री नहीं निगल सकता। ये कोई छोटी रकम नहीं है। इतनी रकम में वह, उनके बच्चे, पोते-पोतियां और बच्चे खुशी से रह सकते हैं। जैसा कि राहुल गांधी ने कहा दलितों का 25 हजार करोड़ रुपये कहा गया। मुझे नहीं पता कि यह किसके पास गया। मुझे नहीं पता कि इसका उपयोग किस लिए किया जाता है। लेकिन आज अधिकारी टका-टका की तरह मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बुआई के बीज की कीमत 70 प्रतिशत बढ़ गई है। अगर कांग्रेस को राम दिख जाएं तो ऐसा नहीं होगा। उन्होंने उस निगम के नाम पर हुए 187 करोड़ के भ्रष्टाचार को कांग्रेस की एक साल की उपलब्धि बताया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि, राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री गोविंद करजोल, राज्यसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया, बेंगलूरु दक्षिण जिला अध्यक्ष सी.के.राममूर्ति, पूर्व मेयर पद्मनाभ रेड्डी मौजूद थे।

### वाल्मिकी विकास निगम घोटाला मामला

## दर्ज एफआईआर में मंत्री का नाम नहीं: सीटी रवि

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने गुरुवार को कहा कि वाल्मिकी विकास निगम के अधीक्षक चंद्रशेखर ने डेथ नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। इस मामले को 4 दिन हो गए हैं। हालाँकि, एफआईआर में मंत्री का नाम नहीं है। मल्लेश्वरम में भाजपा प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में भ्रष्टाचार की धाराएं शामिल नहीं की गई हैं। हालांकि एससी और एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि सरकार सही कारण जानने के बजाय इस पर पर्दा डालने की कोशिश कर कर रही है। उस डेथ



नोट में मंत्री के मौखिक निर्देश के बाद ट्रांसफर की बात लिखी गई है और क्या सबूत चाहिए? क्या बड़ों की शक्ति के बिना इतना बड़ा कांड हो सकता है? एमडी पद्मनाभ, अकाउंटेंट परशुराम, बैंक अधिकारी स्मिता के भी नाम बताएं हैं। इसके साथ ही एन नागराज के नाम का भी जिक्र है, तो एन नागराज कौन हैं? एन नागराज और मंत्री के बीच क्या रिश्ता है? एन नागराज और मुख्यमंत्री के बीच क्या संबंध है? एन नागराज और उपमुख्यमंत्री के बीच क्या संबंध है? उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक सिंडिकेट के रूप में घोटाला है। आईटी कंपनी को मनी ट्रांसफर की जानकारी मिली। वह किसकी कंपनी है? सरकारी पैसा आईटी कंपनियों के पास कैसे गया? क्या निगम ने स्वयं आईटी कंपनी में निवेश किया था? क्या ऐसा कोई निवेश अवसर है? इन सबको भी बाहर आना है। सीटी रवि ने मांग की कि हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जजों के नेतृत्व में व्यापक जांच कराई जाए। इस मौके पर प्रदेश मीडिया समिति के संयोजक करुणाकर खासले, सदस्य विजेंद्र डी.टी समेत अन्य मौजूद थे।

## पुलिस सदैव जनसहयोग के लिए आगे: पुलिस आयुक्त



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कानून व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए हुब्बल्ली धारवाड़ महानगर पुलिस आयुक्त रेणुका सुकुमार ने केशवपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक विशेष नागरिक सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त सुकुमार ने कहा केशवपुर पुलिस थाना क्षेत्र में 2 लाख से ज्यादा आबादी आती है और पुलिस स्टेशन में मात्र 71 स्टाफ उपलब्ध है। हम खाकी वर्दी में आपकी सेवा में उपस्थित है। लेकिन आप बिना खाकी के पुलिस है और आप हमे सदैव सहयोग प्रदान करते है। सुकुमार ने बच्चों के बारे में परिजनों से कहा वे भी अपने बच्चों की संगत और चाल चलन पर पूरा ध्यान रखें। साथ ही 18 वर्ष से कम के नाबालिग बच्चों को गाड़ी नहीं देकर ट्रैफिक नियमों का पालन करने में सहयोग करें। जिससे दुर्घंटानों में कमी आये। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए चेनम्मा दल का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत किसी भी प्रकार की सहयोग के लिए महिलाएं चेनम्मा दल से सम्पर्क कर सहयोग प्राप्त कर सकती है। सुकुमार ने क्षेत्र के सभी निवासियों से निवेदन किया कि आप अपने घर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाते है तो मुख्य द्वार से रोड की तरफ भी लगाएं ताकि पुलिस को अपराध रोकने में सहयोग मिले। इस अवसर पर समाजसेवी श्री सिध्दारुढ मठ ट्रस्ट कमेटी के पूर्व चेयरमैन महेन्द्र सिंघी, मल्लेशप्पा हेबसुर, सहायक पुलिस आयुक्त शिवप्रकाश नायक, पुलिस इंस्पेक्टर केशवपुर के एस हट्टी, ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर डिसूजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान नागरिकों ने भी कानून व्यवस्था के लिए अपने सुझाव दिए।

## कैसे स्वस्थ रहें पर कार्यशाला का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
तेरापंथ महिला मंडल आर.आर नगर द्वारा साध्वी सिद्धप्रभा जी एवं साध्वी उदितयशाजी के सानिध्य में कैसे स्वस्थ रहे कार्यशाला का आयोजन किया गया। साध्वी वृंद के नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से कार्यशाला प्रारंभ हुई। मंडल की बहनों द्वारा सुमधुर मंगलाचरण किया गया।

अध्यक्ष सुमन पटावरी ने आगंतुकों का हार्दिक स्वागत किया। साध्वी आस्थाप्रभा जी ने भावनात्मक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की महत्ता समझाते हुए कहा कि प्रत्येक विचारों का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। इसलिए सदा सकारात्मक सोचे, दुख में सुख निकाले। निंदा, ईर्ष्यालु प्रवृत्ति से दूर रहे। साथ ही दोनों स्वर की उपयोगिता बताई। साध्वी उदितयशा जी ने जागरूकता, संकल्प एवं प्रयोग के द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के बारे में बताया। खाना बनाते व खाते समय भावों के प्रभाव के बारे में समझाया। आभार एवं संचालन मंत्री पदमा मेहर ने व्यक्त किया। साध्वी सिद्ध प्रभा जी द्वारा मंगल पाठ से कार्यशाला संपन्न हुई।

## श्री ब्यावर संघ युवा शाखा द्वारा नि:शुल्क जॉब पोर्टल की शुरुआत

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री ब्यावर संघ के तत्वावधान में श्री ब्यावर संघ युवा शाखा बेंगलूरु द्वारा अपने व्यावसायिक और सामाजिक दायित्वों के तहत समाज के अनुभवी, फ्रेशर्स, इन्टर्न्स, युवाओं, बालिकाओं और महिलाओं के लिए जॉब पोर्टल के द्वारा जॉब दिलाने की शुरुआत की गई।

युवा अध्यक्ष ललित डाकलिया ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें कोई भी व्यक्ति अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए रजिस्ट्रेशन करके किसी को भी जॉब प्रदान कर सकते हैं। इसके साथ ही किसी को भी जॉब की आवश्यकता है तो भी जॉब प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। महामंत्री कुलदीप छाजेड़ ने बताया कि यह सुविधा पूर्णतया नि:शुल्क श्री ब्यावर संघ



युवा शाखा द्वारा जॉब्स के अच्छे अवसरों को तलाश रहे युवाओं और युवतियों के लिए प्रदान की जा रही है।

कार्यक्रम के संयोजक महावीर गुगलिया ने बताया कि प्रति सप्ताह जॉब देने वालों और जॉब चाहने वालों की लिस्ट जारी की जाएगी, जिसमें से सूटेबल उम्मीदवार को फोन करके इन्टरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। साथ ही इच्छुक लोग भी अपने सूटेबल जॉब के लिए कॉल कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक ललित डाकलिया, कुलदीप छाजेड़, महावीर गुगलिया, कुनाल मरलेचा, सुशील बाफना, सुनील भण्डारी, प्रतीक गादिया, मनीष बाफना और आशीष भन्साली होंगे।

## पीडीओ और बिल कलेक्टर रिश्वत लेते धराए

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।**
जिले के उप्पूर के पीडीओ इनायत उल्लाह बेग और बिल कलेक्टर संजय को लोकायुक्त अधिकारियों ने भूमि रिकॉर्ड संख्या 9 और 11 उपलब्ध कराने के लिए रिश्वत लेते हुए पकड़ा। लोकायुक्त पुलिस ने उस समय छापा मारा जब दोनों रवि डी'लीमा से 13,300 रुपये की रिश्वत लेने की तैयारी में थे। लोकायुक्त एसपी नटराज के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व डीएसपी के सी प्रकाश ने किया और इसमें पुलिस निरीक्षक मंजूनाथ और रफीक शामिल थे। दोनों आरोपियों को 12 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## राउडीशीटर पर हमला, शिकायत दर्ज

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
सूरतकल के पास स्थित कुलाई बार के सामने बुधवार रात एक राउडीशीटर की हत्या का प्रयास किया गया। हमले में घायल भरत शेट्टी नामक राउडीशीटर ने सूरतकल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि कुख्यात मनोज कोडिकेरे गिरोह ने उस पर हमला किया। कोडिकेरे निवासी भरत शेट्टी (32) एक कुख्यात राउडीशीटर है, जिसके खिलाफ सूरतकल और पांडेश्वर पुलिस थानों में हत्या के मामले दर्ज हैं। मनोज कोडिकेरे गिरोह का पूर्व सदस्य भरत का गिरोह के सरगना मनोज कोडिकेरे से झगड़ा हुआ था। बुधवार की रात भरत शेट्टी कुलाई बार के बाहर खड़ा था, तभी मनोज कोडिकेरे गिरोह के सदस्य चेथु, गुज्जे शैलू, राजू फरंगीपेट और किशन कोडिकेरे कार में सवार होकर आए और उस पर तलवारों से हमला कर दिया। हमले के दौरान भरत की एक उंगली कट गई। खतरे को भांपते हुए भरत मौके से भागने में कामयाब हो गया। सूरतकल पुलिस फिलहाल घटना की जांच कर रही है।

## पारिवारिक संबंध विषय पर कार्यशाला



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की स्थानीय महिला इकाई ने पारिवारिक रिलेशनशिप विषय पर कार्यशाला आयोजित की। महिला विंग की अध्यक्षा रितु अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कोई भी रिश्ता अगर समझदारी से निभाया जाए तो जिंदगी बहुत आसान हो जाती है। मुख्य वक्ता चारू ने अपने सत्र से सबका मन मोह लिया। सभी ने बहुत ही उत्साह पूर्वक उनकी बात सुनी। संयोजक विनीता और ललिता ने सबका स्वागत किया। कोषाध्यक्ष ऋतु ने सबको धन्यवाद दिया। फेडरेशन के सहमंत्री ललित डाकलिया ने कहा कि यह एक नई शुरूआत है और हर महीने एक नए विषय पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें आज का पहला विषय रिलेशनशिप था और इसमें 35 महिलाओं की उपस्थिति रही।

### लेखकों और शिक्षाविदों का आग्रह

## सरकार कर्नाटक में 3,000 अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के फैसले को ले वापस

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
लेखकों और शिक्षाविदों के एक वर्ग ने कर्नाटक सरकार से स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीएसईएल) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत निजी स्कूलों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में 3,000 अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के लिए लिए गए फैसले को वापस लेने का आग्रह किया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, विकास शिक्षाविद निरंजन-ाराध्या वी.पी. ने कहा शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत, सरकार को कम से कम कक्षा 8 तक मातृभाषा में शिक्षा प्रदान



करनी चाहिए। कन्नड़ भाषा शिक्षण अधिनियम, 2015 के अनुसार, यह प्रस्तावित है कि कन्नड़ को पहली भाषा के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखे बिना, अंग्रेजी माध्यम स्कूल शुरू करने का सरकार का निर्णय अवैज्ञानिक है। लेखक जी. रामकृष्ण ने कहा कि सरकारें शिक्षा के माध्यम के बारे में मौजूदा शोध और आम सहमति के आधार पर निर्णय नहीं ले रही हैं। इस प्रकार, बच्चों की शिक्षा प्रणाली पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या साल दर साल कम होती जा रही है और हमें इस पर विचार करना चाहिए कि इसे रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को बुनियादी ढांचे में सुधार करके दिल्ली मॉडल पर सरकारी स्कूलों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## मुफ्त जूते और मोजे खरीदने के लिए 121 करोड़ रुपये जारी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राज्य सरकार के स्कूलों में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में कक्षा एक से दसवीं तक पढ़ने वाले सभी छात्रों को मुफ्त जूते और मोजे खरीदने के लिए 121 करोड़ रुपये जारी किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर पात्र विद्यार्थियों के जूते-मोजे खरीदने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये हैं। राज्य में करीब 42.65 लाख छात्र पढ़ रहे हैं और उन्हें एक जोड़ी जूते, दो जोड़ी मोजे खरीदने की प्रक्रिया शुरू करने की सलाह दी गई है। सर्कुलर में जूते की खरीद को लेकर कुछ शर्तें लगाई गई हैं। यह सुझाव दिया गया है कि स्कूल की स्कूल विकास और पर्यवेक्षण समिति को पात्र छात्रों के जूते के माप को रिकॉर्ड करने, स्थानीय स्तर पर अच्छी गुणवत्ता वाले जूते खरीदने और वितरित करने के लिए जिम्मेदार होना चाहिए। एक जोड़ी



काले जूते, दो जोड़ी सफेद मोजे, स्थानीय परिवेश के अनुरूप खरीदने एवं वितरित करने का निर्देश दिया गया है। जूते और मोजे की खरीद के लिए एसडीएमसी अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति बनाने, संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापक को सदस्य सचिव और एसडीएमसी द्वारा नामित 3 सदस्यों को समिति के सदस्य के रूप में नामित करने का निर्देश दिया गया है। पारदर्शिता अधिनियम के अनुसार खरीद प्रक्रिया को अंजाम दिया जाए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रत्येक तालुक के 5 प्रतिशत स्कूलों में जूते और मोजे की गुणवत्ता की जांच के लिए एक समिति बनाने के लिए कदम उठाना चाहिए। यह निर्धारित है कि जूते और मोजे प्रतिष्ठित ब्रांडों के अधिकृत विक्रेताओं से खरीदे जाने चाहिए। किसी भी कारण से जोन, क्लस्टर या जिला स्तर पर केंद्रीकृत प्रणाली के तहत जूते और मोजे की खरीद निषिद्ध है।

## प्रज्वल के आने से पहले एयरपोर्ट पर भारी सुरक्षा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
दुष्कर्म मामले का मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना, जिसके विदेश में छिपे होने की बात कही जा रही है, के बेंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने से पहले स्टेशन के आसपास भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एयरपोर्ट रोड पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, जहां प्रज्वल को बेंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लाया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बेंगलूरु शहर के पुलिस आयुक्त दयानंद से मुलाकात की और बंदोबस्त के



बारे में चर्चा की। प्रज्वल की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी की टीम तैयार है। वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी की एक टीम ने एयरपोर्ट पर डेरा डाल दिया है। जांच अधिकारी ने गिरफ्तारी के बाद किस तरह से पूछताछ करनी है इसकी तैयारी कर ली है। प्रज्वल ने पहले भी कई बार टिकट बुक कराया था और आखिरी वक्त में उसे कैंसिल भी कर दिया था। एसआईटी अधिकारी एयरपोर्ट पर यह कहकर इंतजार करते-करते थक गए कि प्रज्वल अभी-अभी आएगा। तीन दिन पहले वीडियो जारी करने वाले प्रज्वल ने कहा कि वह 31 मई को एसआईटी के सामने पेश होंगे। प्रज्वल के नाम पर जर्मनी के म्यूनिख से बेंगलूरु तक का टिकट बुक किया गया है।

प्रज्वल रेवन्ना यौन शोषण मामला

# कर्नाटक भर से लोगों ने हासन में विरोध मार्च निकाला






**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक के विभिन्न भागों से सैकड़ों लोगों ने गुरुवार को हासन में विरोध मार्च में हिस्सा लिया। प्रतिभागी जिले के महाराजा पार्क में एकत्र हुए और डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के पास आयोजित विरोध सभा स्थल तक मार्च किया। डॉ. भारती राजशेखर, आर.पी. वेंकटेशमूर्ति, एच.के. संदेश, इरशाद अहमद देसाई, राजशेखर और एम.सी. डोंगरे सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मार्च को हरी झंडी दिखाई। महिला, मजदूर, किसान, दलित और लैंगिक अल्पसंख्यक समूहों सहित राज्य भर से नागरिक समाज समूहों ने, हमारा मार्च हासन की ओर है, के नारे के साथ मार्च किया।

मार्च के दौरान, उन्होंने जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारे लगाए, जिन पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। साथ ही कथित यौन शोषण की पीड़िताओं के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने पोस्टर ले रखे थे, जिनमें पीड़िताओं से अपील की गई थी कि वे मजबूत बनें और खुद को दोषी न समझें। एक अन्य पोस्टर में राजनेताओं से अपील की गई थी कि वे अपने राजनीतिक लाभ के लिए महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ न करें। मार्च के आयोजकों ने राजनीतिक लाभ के लिए वीडियो में महिलाओं का शोषण करने वालों की भी कड़ी निंदा की और पीड़िताओं को व्यापक समर्थन देने का आह्वान किया। पूर्व सांसद सुभाषिनी अली, के. नीला और मीनाक्षी बाली, के.एस. जनवादी संगठन की विमला, सबिहा भूमिगौड़ा और अन्य ने मार्च का नेतृत्व किया।

# एसआईटी प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए तैयार : गृहमंत्री

### आगमन से पहले सभी आवश्यक तैयारियां कर ली



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) जेडीएस सांसद और कथित सेक्स वीडियो कांड के मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को एयरपोर्ट पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लेगा। सूत्रों ने बताया कि प्रज्वल गुरुवार दोपहर 3 बजे म्यूनिख से उड़ान भरेंगे और सुबह 12.30 बजे बेंगलूरु अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरेंगे। एजेंसियां प्रज्वल के विमान में चढ़ने की निगरानी के लिए एयरलाइन और अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि प्रज्वल रेवन्ना ने लुफ्थांसा से बिजनेस क्लास का हवाई टिकट बुक किया था और टिकट बुक करते समय उन्होंने अपना संपर्क नंबर और ईमेल आईडी नहीं दी थी। सूत्रों ने आगे बताया कि एसआईटी ने पाया है कि 31 मई को प्रज्वल रेवन्ना द्वारा अपनी वापसी की घोषणा करने वाला वीडियो हंगरी के बुडापेस्ट से अपलोड किया गया था। यहां पत्रकारों से बात करते हुए परमेश्वर ने कहा कि एसआईटी ने उनके संभावित आगमन से पहले सभी आवश्यक तैयारियां कर ली हैं। अगर वे आते हैं, तो कानूनी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा बेंगलूरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कानून के अनुसार उनके खिलाफ वारंट जारी किया गया है। वारंट जारी होने के बाद, उन्हें गिरफ्तार करना पुलिस का काम है और वे अपना काम करेंगे। जब पूछा गया कि प्रज्वल रेवन्ना को पहले क्यों गिरफ्तार नहीं किया गया, तो परमेश्वर ने कहा हम उन्हें किसी विदेशी स्थान पर गिरफ्तार नहीं कर सकते। आपको किसने बताया कि हम वहां जाकर उन्हें घसीट सकते हैं? यहां तक कि केंद्र सरकार भी उन्हें गिरफ्तार करने के लिए किसी को नहीं भेज सकती। इंटरपोल को सूचित करने का उद्देश्य यही है। सूचित किए जाने के बाद, एक ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है और उसके बाद एक प्रक्रिया का पालन किया जाता है। ऐसा नहीं है कि हम राज्य के भीतर कहीं जाकर किसी को गिरफ्तार कर सकते हैं। इससे पहले परमेश्वर ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी निगम के कर्मचारी चंद्रशेखर की कथित आत्महत्या मामले में जांच चल रही है और जांच के बाद सब पता चल जाएगा। चंद्रशेखर ने रविवार शाम को आत्महत्या करने से पहले कथित तौर पर छह पन्नों का सुसाइड नोट लिखा था। उसने सुसाइड नोट में तीन अधिकारियों के नाम भी लिखे और करोड़ों के भ्रष्टाचार का राज उजागर किया। इस संबंध में विनोबानगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसका जिक्र करते हुए परमेश्वर ने कहा जांच के आदेश दे दिए गए हैं और जांच के बाद सब पता चल जाएगा। पैसे एक खाते से दूसरे खाते में और फिर चार-पांच खातों में ट्रांसफर किए गए। जांच होने तक कुछ नहीं कहा जा सकता। जांच में सब पता चल जाएगा। भाजपा द्वारा मंत्री बी. नागेंद्र के इस्तीफे की मांग के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि सुसाइड नोट की सत्यता की जांच के बाद फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा मैंने मृत्यु नोट नहीं देखा है, वे इसकी जांच करेंगे। हम मृत्यु नोट की प्रामाणिकता की जांच करेंगे और आगे की कार्रवाई करेंगे। विनोबानगर के केंचप्पा कॉलोनी निवासी चंद्रशेखर (45) महर्षि वाल्मिकी विकास निगम के अधिकारी थे और बेंगलूरु कार्यालय में कार्यरत थे। उनकी आत्महत्या से राज्य में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें भाजपा ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। चंद्रशेखर ने अपनी मृत्यु नोट में लिखा है, मेरी मौत निगम के अधिकारियों के कारण हुई है। जिसमें निगम के प्रबंध निदेशक जेजी पद्मनाभ, खाता प्रबंधक परशुराम, यूनियन बैंक की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता शामिल हैं।

### दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें

निगम के अनुदान से 80 से 85 करोड़ रुपये अवैध रूप से लूटे हैं। इस मामले में मेरा कोई हाथ नहीं है। लेकिन काम के दबाव में उक्त खाते की चेक बुक न लेना और कैश बुक बंद न करना मेरी गलती थी। मैं इस घोटाले के लिए जिम्मेदार नहीं हूं। इसलिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। इससे पहले कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सीएन अश्वथ नारायण ने चंद्रशेखरन की कथित आत्महत्या मामले में कर्नाटक के मंत्री बी नागेंद्र और सीएम सिद्धरामैया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। कर्नाटक में कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए नारायण ने कहा भारत के इतिहास में पहली बार किसी जिम्मेदार सरकारी अधिकारी ने अपने सुसाइड नोट में मुख्य कारण और जिम्मेदार लोगों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है।

# विधान परिषद चुनाव : दिल्ली बैठक ने बढ़ाई कांग्रेस दावेदारों की धड़कनें



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
विधान परिषद सदस्यों के चयन को लेकर माहौल पूरी तरह से बदल गया है और बुधवार शाम दिल्ली में हुई अहम बैठक ने दावेदारों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। कहा जा रहा था कि मंत्री बोसराज को एमएलसी सीट मिलना लगभग तय है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में चल रही कवायद ने माहौल बदल दिया है। इस चर्चा की पृष्ठभूमि में कि विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के नेता पद के लिए एक मजबूत व्यक्ति की आवश्यकता है, एनएस बोसराज के विधान परिषद में फिर से चुने जाने को लेकर आधी-अधूरी स्थिति है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद को सत्ताधारी दल का नेता बनाकर कैबिनेट में लेने का दबाव आलाकमान की ओर से आया है। ऐसे में एनएस बोसराज को विधान परिषद में निर्वाचित हुए बिना ही बाहर करने या अगले महीने होने वाले नामांकन में उनके नाम पर विचार करने की चर्चा चल रही है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, उपमुख्यमंत्री और केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार की एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव केसी वेणुगोपाल, रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ हुई चर्चा में सिर्फ यतींद्र सिद्धरामैया का नाम आया। सूत्रों के मुताबिक, एनएस बोसराज और डॉ. के. गोविंदराजू के नाम, जो लगभग तय माने जा रहे थे, अधर में हैं। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने 2-2 सीटें साझा की हैं, और शेष 3 सीटों के चयन के लिए हाईकमान के निर्देश का पालन करने पर सहमति बनी। तेज पैरवी के मद्देनजर महिला कोटा छोड़ने की अफवाहें हैं। केपीसीसी महिला इकाई की अध्यक्ष पुष्पा अमरनाथ और कमलाक्षी राजन्ना का नाम जोर-शोर से सुना गया। इसके अलावा रानी सतीश, भव्या नरसिम्हामूर्ति, कुसुमा, पदावथी ने पैरवी की थी। मालूम हो कि जिन लोगों को पहले ही विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ने की इजाजत मिल चुकी है, जो हार चुके हैं, जो 2 बार से ज्यादा सत्ता का आनंद ले चुके हैं, उन्हें इस चरण में लड़ने की इजाजत नहीं है। शुरुआती चर्चा लगभग पूरी हो चुकी है। सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव प्रचार में शामिल हैं और उनसे टेलीफोन पर चर्चा के बाद सूची जारी कर दी जाएगी। जाहिर है इस बार ईमानदार पार्टी कार्यकर्ताओं को भी मौका दिया जाएगा। बताया जाता है कि डीके शिवकुमार ने यह संदेश दिया है कि परिवार और प्रभावशाली लोगों की पैरवी के बावजूद कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष वसंतकुमार, मीडिया इकाई के अध्यक्ष रमेश बाबू, महासचिव नटराज गौड़ा, वॉर रूम प्रभारी बीआर नायडू, बागलकोट के सौदागर के नाम प्रमुखता से सुनने में आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर, जो भाजपा से कांग्रेस में चले गए और विधान परिषद सदस्य बने, इस्तीफा देकर भाजपा में लौट आए, द्वारा खाली की गई सीट पर उपचुनाव के लिए एक उम्मीदवार का चयन करने की चर्चा है।

# घोटाले के सिलसिले में दो या तीन अधिकारियों को निलंबित करना पर्याप्त नहीं : विजयेन्द्र

### बिना समय बर्बाद किये मंत्री का इस्तीफा लेना चाहिए



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा कि वाल्मिकी विकास निगम घोटाले के सिलसिले में दो या तीन अधिकारियों को निलंबित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि बिना समय बर्बाद किये मंत्री का इस्तीफा लेना चाहिए। इसकी जांच सीबीआई से करायी जानी चाहिए। शिवमोग्गा में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने मांग की कि अगर आप वाकई ईमानदार हैं तो इसे जांच के लिए सीबीआई को सौंप दें। मृतक की पत्नी संविदा पर कार्यरत है। दो बेटे होने के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में राज्य सरकार को कम से कम 25 लाख मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए। मानवता की दृष्टि से यह राशि परिवार को दी जानी चाहिए। सीआईडी या स्थानीय अधिकारियों के लिए मामले की निष्पक्ष जांच करना असंभव है। अधिकारी घर से पेन ड्राइव और लैपटॉप ले गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुझे यह भी नहीं पता कि इसका दुरुपयोग कैसे होगा। बुधवार को एक और एफआईआर दर्ज की गई और बैंक अधिकारियों के नामों का भी उल्लेख किया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान एक और फर्जी बैंक खाते के जरिए तेलंगाना राज्य में सैकड़ों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। उन्होंने कहा कि इसके पीछे बड़ी साजिश है। इस मामले में मुख्यमंत्री को पाखंड दिखाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि अगर आप ईमानदार हैं तो अपना पाखंड छोड़ें और इस्तीफा दें। हम सीएम और राज्य सरकार को एक सप्ताह की समय सीमा दे रहे हैं। भरोसा है कि मामले को सीबीआई को सौंपा जाएगा, यदि नहीं, तो हम राज्य भर में इसके खिलाफ जमकर लड़ाई लड़ेंगे। भाजपा पहले भी राज्य की कांग्रेस सरकार और नेताओं को कांग्रेस पार्टी के लिए एटीएम की तरह इस्तेमाल करने की बात करती रही है। मुख्यमंत्री के रूप में कांग्रेस के मंत्री पूछ रहे थे कि क्या कोई सबूत है। यह राज्य के राजनीतिक इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। इन तीन-चार अधिकारियों की भूमिका सिर्फ वाल्मिकी विकास निगम के 187 करोड़ रुपये के गबन के मामले में ही नहीं है। सिर्फ तीन या चार अधिकारी इस तरह सैकड़ों करोड़ का गबन नहीं कर सकते। आत्महत्या करने वाले अधिकारी चंद्रशेखर ने डेथ नोट में विभाग के संबंधित मंत्री के कार्यालय से आए फोन कॉल और दबाव का जिक्र किया है। उन्होंने विश्लेषण किया कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि अधिकारियों ने विभागीय मंत्री नागेंद्र की अनुमति के बिना इतनी बड़ी राशि राज्य के बाहर तेलंगाना में स्थानांतरित की होगी।

# वाल्मिकी विकास निगम में घोटाला : भाजपा एसटी मोर्चा ने किया सीएम आवास का घेराव




### पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
वाल्मिकी विकास निगम में 187 करोड़ के घोटाले के मद्देनजर गुरुवार को भाजपा एसटी मोर्चा ने मंत्री नागेंद्र के इस्तीफे की मांग करते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की कोशिश की।

साथ ही अवमानना मंत्री, अवमानना सरकार जैसे नारे लगाए गए। इस मौके पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए कहा कि निर्दोष होने के बावजूद अवैध रूप से उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने दलित विरोधी कांग्रेस सरकार तिरस्कार और अन्याय बंद करो जैसे नारे लगाए। करीब 187 करोड़ रुपये के गबन के बाद आत्महत्या करने वाले वाल्मिकी विकास निगम के अधिकारी चंद्रशेखर ने डेथ नोट में मंत्री का नाम लिखा है और मांग की है कि मंत्री तुरंत इस्तीफा दें। इससे पहले भाजपा ने वाल्मिकी विकास निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले की निंदा और आत्महत्या करने वाले एक अधिकारी की मौत के लिए न्याय की मांग करते हुए बेल्लारी में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था।

विधान परिषद सदस्य और परिषद के मुख्य विपक्षी नेता एन रविकुमार के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया और हजारों कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर मार्च किया और कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारे लगाए। गरीबों के विकास के लिए आवंटित 187 करोड़ रुपये निगम के खाते से फर्जी खाते में ट्रांसफर कर भ्रष्टाचार करने वाले मंत्री नागेंद्र को कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग को लेकर मार्च निकाला गया। चुनाव आचार संहिता लागू होने पर वाल्मिकी निगम से अवैध तरीके से 187 करोड़ रुपये फर्जी खातों में ट्रांसफर करने का क्या मकसद है?

इस घोटाले के पीछे मंत्री नागेंद्र ने अगर 24 घंटे के भीतर इस्तीफा नहीं दिया तो पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा हम नागेंद्र का इस्तीफा मांग रहे हैं, जो जिले के प्रभारी मंत्री हैं। क्योंकि प्रशासनिक निदेशक की जानकारी के बिना उन्होंने अपने विभाग का 187 करोड़ रुपये कैसे ट्रांसफर कर दिया? मंत्री मौखिक रूप से अधिकारियों को 50 करोड़ रुपये निकालने को कहते हैं। तब अधिकारियों को शक हुआ। वे सहमत नहीं थे। फिर मंत्री नागेंद्र संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर के बिना ही पैसा निकाल लेते है। यह उसने किसके लिए बनाया, किसे दिया? जब मैनेजर कहता है कि 50 करोड़ निकाले गए हैं, तो चंद्रशेखर पूछता है कि मेरी जानकारी के बिना यह कैसे निकाला गया। बाद में उन्होंने डेथ नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। अधिकारी चन्द्रशेखर दबाव में थे क्योंकि मंत्री ने खुद उन्हें मौखिक रूप से पैसे निकालने के लिए कहा था। इसलिए रविकुमार ने मांग की कि नागेंद्र उसकी आत्महत्या के लिए खुद जिम्मेदार हैं और उन्हें नैतिक जिम्मेदारी के तौर पर इस्तीफा दे देना चाहिए। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं? नैतिक जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते?

# 24 घंटे में 16 मौतें, कई जिलों में भीषण गर्मी का अलर्ट

### कई जगह 48 डिग्री तक जा सकता है पारा



**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में लगातार पढ़ रहे हीट वेव ने पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ डाला है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। मौसम विभाग ने अभी गर्मी से राहत नहीं मिलने और लोगों को सतर्क रहने का अलर्ट किया है। मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य भाग के एक दो स्थानों पर भीषण उष्ण लहर की संभावना के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के उत्तर पश्चिम, दक्षिण पूर्व भाग के एक दो स्थानों में उष्ण लहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के दक्षिण पश्चिम पटना के एक दो स्थानों पर गम रात्रि के लिए संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। आज लू लगने की वजह से नालंदा में होमगार्ड जवान और बेगूसराय में एक महिला की मौत हो गई। बता दें कि बुधवार को भीषण गर्मी के कारण अलग-अलग स्कूलों में शिक्षक और बच्चे समेत 337 लोग बीमार पड़ गए थे। वहीं 16 लोगों की मौत हो गई थी।

मौसम और हीटवेव को लेकर बिजली विभाग ने भी विद्युत सप्लाई में बढ़ रहे ओवरलोड के कारण व्यवधान उत्पन्न हो रही है। बिजली नहीं पहुंचने के कारण बिजली विभाग ने लोगों को अपील करते हुए कहा है कि अपने सभी उपकरण एक साथ नहीं चलाएं। विद्युत विभाग ने कहा है कि पानी का मोटर, प्रेस, वाशिंग मशीन और अन्य लोड सुबह पांच से 11 बजे तक ही चला लें। शाम में छह से 11 बजे रात्रि तक फ्रिज को बंद रखें। शाम में छह बजे से 11 बजे रात्रि तक एसी को लगातार नहीं चलाएं। उन्होंने इसके लिए आधे आधे घंटे के अंतराल पर एक चलाने की अपील की है। इसके साथ ही विद्युत विभाग का यह मानना है कि भीषण गर्मी के कारण सिस्टम ओवरलोड के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। लोगों को विद्युत विभाग की अपील को ध्यानपूर्वक उपयोग करना चाहिए।

मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम के बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल में गुरुवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। वहीं दक्षिण मध्य के पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रहने के आसार हैं। 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा। दक्षिण बिहार के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा है। मौसम वेधशाला से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटो के दौरान पटना 42.8 डिग्री सेल्सियस, गया 46.8 डिग्री सेल्सियस, भागलपुर 39 डिग्री सेल्सियस एवं पूर्णिया 37 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, बिहार के दक्षिण भाग शुष्क पश्चिमी हवा आ रही है। जितनी शुष्क हवा होगी उतना ही आसमान साफ रहेगा। आसमान साफ रहने का मतलब है कि धूप का प्रभाव ज्यादा होगा। उत्तर पश्चिम भाग से लेकर दक्षिण बिहार अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान अपने सामान से अधिक हो रहेगा। दक्षिण पश्चिम तथा दक्षिण मध्य अगले दो दिनों तक भीषण उष्ण दक्षिण पूर्व एवं उत्तर पश्चिम भाग उष्ण लहर की स्थिति बनी रहेगी। उत्तर पूर्व भाग खासकर अररिया एवं किशनगंज के एक दो जगह पर गरज, चमक के साथ बारिश के आसार हैं। जहां-जहां भीषण उष्ण लहर या उष्ण लहर बना हुआ है। बिल्कुल सतर्क रहने की जरूरत है। बचाना होगा संभल कर रहना होगा। गर्मी से जितना बचाव है, जरूर करना चाहिए। सुबह 10 बजे के बाद घर से ना निकले। जो लोग निकल रहे हैं, वह अपने तन को पूरी तरह ढंके कर रखें, पानी हमेशा साथ में रखें।

# विजयेंद्र ने दी चंद्रशेखर परिवार को हिम्मत



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी.वाई. विजयेन्द्र ने गुरुवार को 187 करोड़ रुपये के गबन के मामले को लेकर आत्महत्या करने वाले वाल्मिकी विकास निगम के अधिकारी चंद्रशेखर के घर पहुंचे और पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए बच्चों के भविष्य को देखते हुए हिम्मत रखने को कहा। परिजनों ने बताया कि लैपटॉप व अन्य सामान छीन लिया गया है। विजयेंद्र ने आपत्ति जताई कि अधिकारियों ने घर से सबूत लेने में इतनी जल्दबाजी क्यो दिखाई।*

## छात्रा को गर्भवती करने के आरोप में हेडमास्टर निलंबित

### 14 दिनों की न्यायिक हिरासत

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

तालुक के सरकारी स्कूल के हेडमास्टर, जिसने कथित तौर पर कक्षा 7 की छात्रा को गर्भवती किया था, को सेवा से निलंबित कर दिया गया है। आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

लड़की को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बालिका गृह में भेज दिया गया है। डीडीपीआई बैलंजनेया, बीईओ नरेंद्र और अन्य अधिकारियों ने बुधवार को स्कूल का दौरा किया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से जानकारी हासिल की। छुट्टी के बाद स्कूल खुलने का पहला दिन होने के कारण केवल 10 छात्र ही कक्षाओं में उपस्थित हुए। स्कूल में 85 छात्र पढ़ रहे हैं।

### केके पाठक का फरमान पड़ा भारी

# भीषण गर्मी को झेल नहीं सकी शिक्षिका स्कूल में एक घंटे के बाद हुई बेहोश



**मुंगेर (एजेंसियां)।**

मामला जमुई जिले के झाझा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय सिमुलतला की है। बता दें कि बुधवार को भीषण गर्मी के कारण जमुई जिले के विभिन्न प्रखंड में करीब एक दर्जन स्कूलों में दो दर्जन से अधिक बच्चे व शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बेहोश हो गए थे।

हालांकि यह मामला जमुई जिले के अलावा राज्य के अन्य जिलों में देखा गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर 30 मई से 8 जून तक विद्यालय बंद करने का निर्देश जारी किया गया था, लेकिन इस बीच गुरुजी को स्कूल में रहना अनिवार्य होगा और सभी विद्यालयों में प्रभारी, एचएम व शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सुबह 08 बजे से 11 बजे तक विद्यालय आयेंगे तथा गैर शैक्षणिक कार्य में बच्चों का एडमिशन, ई-शिक्षाकोष पर बच्चों की एंट्री, विद्यालय में असैनिक कार्य, जिन बच्चों का आधार नहीं बना है, उनका आधार बनवाने का कार्य समेत विभिन्न कार्य करने का निर्देश जारी किया गया था।

इसी फरमान को लेकर जिले भर के शिक्षक व शिक्षिकाएं गुरुवार को निर्धारित समय के अनुसार अपने-अपने स्कूल पहुंचे, लेकिन भीषण गर्मी के कारण झाझा प्रखंड अंतर्गत सिमुलतला मध्य विद्यालय में संस्कृत विषय की शिक्षिका ज्योतिमा कुमारी विद्यालय पहुंचने के 1 घंटे बाद बेहोश होकर गिर गई, जिससे शिक्षकों में हड़कंप मच गया। वहीं आनन फानन में शिक्षिका की विद्यालय में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए देवघर भेजा गया।

### संपत्ति के लिए बड़ा बेटा बना दुश्मन

# माता-पिता और छोटे भाई के खाने में मिलाया जहर, गिरफ्तार



**गया (एजेंसियां)।**

गया में बड़े बेटे ने संपत्ति के लिए मां-बाप और छोटे भाई के खाने में जहर मिला दिया। जिसके बाद उन सभी की तबियत बिगड़ने लगी, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यह पूरा मामला गया शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले का है।

बता दें कि पीड़ित दंपति ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि उनके तीन पुत्र है। जिसमें बड़ा बेटा जितेंद्र दास काफी दिनों से संपत्ति के बंटवारे को लेकर झगड़ा करता था। इस दौरान आस-पास के लोग और परिवारों को समझा बुझाकर साथ रहने की नसीहत देते थे और वह मान जाता था, सोमवार की शाम घर में मछली चावल बना था। जिसके बाद चुपके से बड़े बेटे जितेंद्र ने मछली में जहर मिला दिया।

रात्रि में उसको छोड़ कर घर के सभी सदस्य मछली चावल खाने के बाद सोने चले गए। कुछ देर के बाद माता शिव कुमारीदास, पिता बच्चन दास, भाई सत्येंद्र कुमार, आशीष कुमार और मुकेश कुमार की तबियत बिगड़ने लगी। तबियत बिगड़ने की सूचना पर आसपास के लोग इलाज के लिए मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी को भर्ती कराया, लेकिन सभी को बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां सभी लोगों का इलाज चल रहा है।

वहीं, इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि जहरीला भोजन खाने से एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर बीमार है।

जहर देने वाले को हिरासत में लेकर पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भूमि विवाद में बुजुर्ग की हत्या

**पटना (एजेंसियां)।**

घटना के संबंध में मृतक के पुत्र बच्चन बिन्द ने बताया कि वे लोग पट्टा पर लेकर खेती करने का काम करते हैं। गांव के ही रज्जन से राजू ने पट्टा पर खेत लेकर उन लोगों को खेती करने के लिए दिया है। उक्त खेत पर गांव के अनिल महतो खेती करने का काम करते थे।

इसी बात को लेकर अनिल महतो ने पूर्व में उन लोगों को धमकी भी दिया था। इसी बात को लेकर अनिल महतो ने राजू से दुश्मनी ना लेकर उन लोगों से विवाद ले लिया। जब उसके पिता बुधवार की रात खेत की तरफ फसल पटवन को जा रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर पीछे से ताबड़तोड़ पीठ में तीन गोली मार दी। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

# सीएम नीतीश कुमार पर भारी केके पाठक का आदेश





### बिहार के स्कूलों में क्या चल रहा

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार को नौतपा तपा रहा है और शिक्षकों को उनके विभाग के चर्चित अधिकारी का आदेश। 42 से 48 डिग्री तापमान के बीच जब राज्य के अलग-अलग जिलों के विद्यालयों में बच्चे-शिक्षक समेत 337 लोग बीमार हुए तो सीएम नीतीश कुमार ने एक आदेश जारी किया। इसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया कि एक से आठवीं कक्षा तक सभी सरकारी और निजी स्कूल, आंगनबाड़ी और कोचिंग बंद रहेंगे।

आदेश जारी होने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से नया आदेश जारी किया गया। इसमें कहा गया कि 30 मई से आठ जून तक सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य बंद रहेंगे। लेकिन, सभी प्रभारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक को स्कूल आना होगा। उन्हें सुबह छह बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक स्कूल में रहना होगा।

शिक्षकों को शिक्षा विभाग की ओर से गैर शैक्षणिक कार्य जैसे बच्चों का एडमिशन, ई-शिक्षाकोश पर बच्चों को एंट्री, विद्यालय में असैनिक कार्य, बच्चों का आधार बनाने का काम करना होगा। इस आदेश के बाद शिक्षकों में काफी आक्रोश है। भीषण गर्मी में कई शिक्षकों की भी तबीयत बिगड़ रही है। नालंदा के थरथरी के पुरंदर बिगहा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद की मौत हो गई। खगड़िया शहर स्थित उत्तरी हाजीपुर मध्य विद्यालय के एक शिक्षक ने बताया कि गर्मी के कारण उनके स्कूल के दो शिक्षक बीमार हो गए हैं। जिनका इलाज कराया जा रहा है।

दरभंगा में भीषण गर्मी के बीच शिक्षकों को स्कूल आना पड़ा। शिक्षकों ने बताया कि गैर शैक्षणिक कार्यो का निपटारा करना पड़ रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर शिक्षकों ने साफ-साफ कहा कि अधिकारियों द्वारा दो तरह का रवैया अपनाया जा रहा है। इस छुट्टी के दौरान हमलोग स्कूल में चल रहे भवन निर्माण के कार्य बेंच डेस्क और बच्चों की कॉपी मूल्यांकन का काम कर रहे।

# चुनावी ड्यूटी के लिए नालंदा आए होमगार्ड जवान की मौत

### लू लगने से मौत की जताई जा रही आशंका



**पटना (एजेंसियां)।**

सिवान जिला के बेन निवासी सुरेंद्र प्रसाद के (54) वर्षीय पुत्र रमेश प्रसाद सातवें चरण के चुनाव को संपन्न करने के लिए 26 मई की शाम नालंदा आए थे। रमेश प्रसाद दीपनगर थाना क्षेत्र स्तिथ जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन कॉलेज में ठहरे हुए थे। गुरुवार को उनके चुनावी ड्यूटी की कमान भी कट चुकी थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रमेश प्रसाद कॉलेज कैंपस में ही घूम रहे थे। अचानक गश्त खाकर वह गिर पड़े, उन्हें इलाज के लिए अन्य सहकर्मियों के द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बिहार थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। बुधवार को भी हीटवेव के कारण चार पुलिस कर्मी की तबीयत बिगड़ गई थी। इनमें तीन पुलिस बल चुनावी ड्यूटी में नालंदा आए हुए हैं। इनमें जहानाबाद की प्रियंका कुमारी, रोहतास की अमीषा कुमारी आरा के जनार्दन प्रसाद एवं ट्रैफिक हवलदार बृजेश कृष्ण हैं।

### तारीख पर बेटे से मिलने जा रहे बाइक सवार पर पलटा ट्रक

# नीचे दबने से हुई मौत



**मुंगेर (एजेंसियां)।**

जमुई में भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और ट्रक के नीचे दबे बाइक सवार को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के संघरा निवासी महादेव यादव का 45 वर्षीय पुत्र मुरारी यादव के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि मुरारी यादव का बेटा एक मामले में पिछले एक साल से जमुई जेल में बंद है।

जिससे मिलने के लिए मुरारी यादव तारीख पर गुरुवार को जमुई कोर्ट जा रहे थे। तभी जमुई की ओर से एक ट्रक चकाई के तरफ जा रहा था। उसी दौरान चकाई थाना क्षेत्र अंतर्गत चकाई-जमुई मुख्य मार्ग स्थित पटना मोड़ के समीप पहुंचते ही ट्रक चालक वाहन पर से अपना संतुलन खो दिया, जिससे ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया।

इस दौरान ट्रक के साथ-साथ चल रहे बाइक सवार ट्रक के नीचे आ गया और दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्थानीय लोगों की सूचना पर चंद्रमंडीह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक के नीचे दबे बाइक सवार को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, साथ ही मामले की छानबीन में जुट गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com